हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

13 शहर के चार ऐतिहासिक गेटों की बदलेगी दशा, सुधार व सौंदर्य को लेकर रुपरेखा होगी तैयार



14 राष्ट्र प्रेम से सराबोर होकर देश पर कुर्बान होने वाले शूरवीर देश की अमूल्य धरोहरः राव इंद्रजीत सिंह



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी पारस।

### गांजा समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने नशीला पदार्थ गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के सूचना मिली थी कि माजरा गुरदास निवासी पारस नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह पायलट चौक पर नशीले पदार्थ के साथ खड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 26 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** बीदावास गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान आरोपियों के खिलाफ 22 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उन पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में शिवचरण, राजपाल, अजीत और मनोज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक पकड़ा

**रेवाड़ी।** गत 21 सितंबर को बावल रोड पर हुए हादसे के आरोपी गाड़ी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इटियश कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने कार चालक भाड़ावास निवासी दिनांक यादव को कार सहित गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल मेंउपचाराधीन घायल के बयान पर 21 सितंबर को मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने मूल रूप से नेपाल निवासी हाल बीएमजी मॉल के पास निवासी मुनदीन मियां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त आरोपी की बाइक भी अपने कब्जे में ले ली।

*अनाजमंडी में अब तक 40 हजार क्विंटल बाजरे की हो चुकी आवक, 2400 प्रति क्विंटल तक मिल रहे दाम*

# पहले दिन नहीं हो पाई बाजरे की सरकारी खरीद, किसानों को 2150 प्रति क्विंटल के साथ भावांतर के मिलेंगे 625 रुपये

**हैफेड के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही खरीदा जाएगा**

हैफेड की ओर से रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी, जबकि वेयरहाउस की ओर से बावल व जाटूसाना मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद की जाएगी। इस बार मौसम की मार के कारण अनाजमंडी में बाजरे की क्वालिटी खराब आ रही

**बाजरे का खुले में भाव 2000 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

मंगलवार को जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडियों में बाजरे की एमएसपी पर सरकारी खरीद नहीं शुरू हो पाई। हैफेड और हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन की ओर से बाजरे की कमर्शियल खरीद की जाएगी। सरकार की ओर से इस बार 2775 रुपये समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदा जाएगी, जिसमें बाजरा खरीद के लिए 2150 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया है, जबकि 625 रुपये किसानों को भावांतर के रूप में दिए जाएंगे। हैफेड की ओर से रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी, जबकि वेयरहाउस की ओर से बावल व जाटूसाना मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद की जाएगी। इस बार मौसम की मार के कारण अनाजमंडी में बाजरे की क्वालिटी खराब आ रही है। फिलहाल अनाजमंडी में एक सितंबर से अब तक करीब 40 हजार क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। बाजरे का खुले में भाव 2000 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है।

हैफेड के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही खरीदा जाएगा। बाजरे की खरीद के लिए किसानों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है।

**एजेंसियों की ओर से बाजरे की खरीद व्यापारियों के माध्यम से की जाएगी**

**फिलहाल अनाजमंडी में एक सितंबर से अब तक करीब 40 हजार क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी**

अनाजमंडी में अभी बाजरे की सरकारी खरीद में तीन-चार दिन का समय लगेगा



अनाजमंडी में बाजरे की प्राइवेट खरीद करते व्यापारी



अनाजमंडी के फड पर सूखता कपास

### जे-फॉर्म कटवाने पर मिलेगा भावांतर का लाभ

किसानों को बाजरे की बिक्री के लिए ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से ही गेट पास कटवाना होगा, तभी उनका यह जे-फॉर्म निकलेगा। जे-फॉर्म के बगैर किसान को भावांतर योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। एजेंसियो की ओर से बाजरे की खरीद व्यापारियों के माध्यम से की जाएगी। अगर किसी किसान का बाजरा निजी व्यापारियों की ओर से निर्धारित मूल्य यानी 2150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिक पर खरीदा जाता है तो भी उनको भावांतर भरपाई योजना का लाभ दिया जाएगा।

**कपास का भाव 6000 से 6500 रुपये प्रति क्विंटल**

### मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही बाजरे की बिक्री कर सकेंगे

मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही बाजरे की बिक्री कर सकेंगे। किसानों को ई-खरीद पोर्टल से ही गेटपास लेना होगा, जिन किसानों का जे-फॉर्म कटेगा, उनको ही भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। इस वर्ष 75 से 80 हजार हेक्टेयर में बाजरा व 8000 हेक्टेयर में कपास बोया गया था। गत वर्ष 2024 में अनाजमंडी में करीब 582402 क्विंटल के करीब बाजरा खरीदा गया था। इसके अलावा 34092 क्विंटल कपास की आवक हुई थी। अनाजमंडी में कपास की आवक शुरू हो चुकी है। कपास का भाव 6000 से 6500 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है।

### फेयर एवरेज क्वालिटी का बाजरा खरीदा जाएगा

अनाजमंडी में अभी बाजरे की सरकारी खरीद में तीन-चार दिन का समय लग सकता है। अभी मंडी में काला व निम्न क्वालिटी का बाजरा आ रहा है। सरकार के निर्देशानुसार हैफेड साफ-सुथरा व सफेद बाजरा ही परचेज करेगी। बाजरा फेयर एवरेज क्वालिटी का होना चाहिए तथा किसानों को भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए जे-फार्म कटवाना जरूरी है।
**मनोज कुमार, मैनेजर हैफेड।**



अनाजमंडी में बाजरे की प्राइवेट खरीद करते व्यापारी

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 19.30 लाख की ठगी

**साइबर ठगी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा**

- साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अगस्त माह में सेक्टर-4 निवासी एक व्यक्ति को शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के नाम पर 19.30 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में अजीत सिंह ने बताया था कि वह 5 अगस्त को अपने मोबाइल पर गूगल पर यश सिक्योरिटीज सर्च कर रहा था। इसी दौरान उसके व्हाट्स एप पर एक लिंक आ गया। भेजने के बाद उसे लिंक के जरिए खाता खोलने को कहा गया। उसने लिंक के जरिए अपनी आईडी बना ली। उसे शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया, लेकिन उसने पैसा निवेश करने से मना कर दिया। इसके बाद उसे बार-बार पैसा निवेश करने को कहा गया, तो उसने अपनी पत्नी बबली के खाते से पहले 5 हजार रुपये और उसके बाद 10 हजार रुपये बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिया।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी के तीन आरोपी। फोटो :हरिभूमि

उसके खाते में काफी मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद उससे कई ट्रांजेक्शन के जरिए 19.30 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिया। खाते में मोटा मुनाफा दर्शाया गया। जब उसने पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उससे 1643711 रुपये और जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

**जांच के बाद इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

*पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के दौसा जिले के गांव झिलकी ढी जागीर निवासी महेंद्र सैनी, राजस्थान के अलवर जिले के पिनान निवासी सुरेंद्र और राजस्थान के प्रतापपुरा निवासी सचिन गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी के अनुसार महेंद्र सैनी के बैंक खाते में ठगी की रकम के एक लाख रुपये ट्रांसफर हुई थे, जबकि अन्य दो आरोपियों ने ठगों को खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस मामले में अन्य आरोपियों को काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।*

## नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल थाना पुलिस ने गत वर्ष नवंबर माह में गांव हरचंदपुर के एक मकान से नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक और आरोपी यूपी के जिला गाजियाबाद के सिल्वर सिटी पावी सदकपुर हाल आबाद गांव शेखपुर निवासी प्रेमपाल उर्फ लीला को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव हरचंदपुर निवासी सत्यवीर सिंह के मकान में गत वर्ष 16-17 नवंबर की रात्रि को नकदी व जेवरात चोरी हो गए थे। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी देवेंद्र उर्फ सुभाष उर्फ मोटा, राज व जगदीश उर्फ लंबू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी प्रेमपाल उर्फ लीला को भी गिरफ्तार कर लिया है।



### केंद्रीय मंत्री ने रामपुरा में किया पीएनजी का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को गांव रामपुरा में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पीएनजी यानि पाइप्ड नेचुरल गैस आपूर्ति का शुभारंभ किया गया। इसके इलावा केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न स्कीमों से बनी गलियों, ओपन जीम, शहीद राव तुलाराम पार्क के सौंदर्यकारण कार्य व पार्क में हाल का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आईजीएल की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित और सतत ऊर्जा स्रोत उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएनजी की आपूर्ति से गांव की महिलाओं को खाना पकाने में अधिक सुविधा मिलेगी और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में आईजीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली विधायक अनिल यादव, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, जीए हेड अंशुमान सिंह, सरपंच नरेश यादव, गुरुग्राम मेयर इंद्रजीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, जिला पार्षद रेखा, जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट, जीतू चेयरमैन, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार, सरपंच हेमंत नंगली आदि मौजूद रहे।



रेवाड़ी। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पीएनजी का शुभारंभ करते राव इन्द्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

### मोहनपुर में रेजांगला युद्ध के शहीद जय सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**बावल।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को जिले के गांव मोहनपुर में रेजांगला युद्ध में शहीद हुए जय सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार व जिला भाजपा अध्यक्ष वंदना पोपली सहित उपस्थित अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सेना में जाने के बाद जब फौजी अपनी वर्दी पहनता है, तो निश्चित ही उसे गर्व और आत्मविश्वास महसूस होता है। साथ ही वर्दी हमें अनुशासन भी सिखाती है। इसीलिए हर युवा और ग्रामवासी जब भी शहीद की प्रतिमा के सामने से निकलें या यहां आएं, तो याद रखें कि एक सैनिक की ही भांति हमें भी अपने जीवन में आत्मविश्वास और अनुशासन लाना है, तो जरूर आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। ये मूर्तियां हमारी विरासत हैं और हमें इन्हें संजोना है।



रेवाड़ी। मोहनपुर में शहीद जयसिंह की प्रतिमा का अनावरण करते राव इन्द्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

**शारदीय नवरात्र पर जिले के मंदिरों में कार्यक्रमों व अनुष्ठानों का आयोजन किया गया**

# नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी को किया प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शारदीय नवरात्र पर जिले के मंदिरों धार्मिक कार्यक्रमों व अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरुप ब्रह्मचारिणी की पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की। शहर के बारा हजारी स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी स्थित काली माता मंदिर, बड़ा तालाब स्थित मंसा माता मंदिर, नई बस्ती स्थित मंसा देवी मंदिर, सेक्टर-3 स्थित माता मंदिर, बारा पत्थर स्थित कालीमाता मंदिर, आर्य समाज रोड स्थित दुर्गामाता मंदिर सहित सभी मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है। महिला मंडलों की ओर से भी मंदिरों में भजन-कीर्तन करके मां भगवती की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। मंदिरों में प्रातः से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का आवागमन चल रहा है।

**मंदिरों में प्रातः से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का आवागमन चलता रहा**



रेवाड़ी। बड़ा तालाब मंदिर में सजी मंसा माता की प्रतिमा। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। नवरात्र पर रोशनी से जगमग बड़ा तालाब स्थित मंसा माता का मंदिर।

**आज होगी मां चंद्रघंटा की पूजा**

शारदीय नवरात्रों में मां दुर्गा की तीसरी शक्ति चन्द्रघंटा के नाम से जानी जाती है। तीसरे नवरात्र पर इन्हीं के विग्रह का पूजन उपासक करते है। 24 सितंबर को उपासक मां चंद्रघंटा की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा करेंगे। मां का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। मां के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचन्द्र है, इसी कारण इन्हें चन्द्रघंटा देवी कहा जाता है। माता के शरीर का अंग स्वर्ण के समान चमकीला है। मां चंद्रघंटा के 10 हाथ है, जिनमें अस्त्र- शस्त्र विभूषित हैं। मुद्रा सदैव युद्ध के लिए उद्धत रहती है। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। मां के घंटे की ध्वनि सदा अपने भक्तों की प्रेत बाधा आदि से भी रक्षा करती है। दुष्टों का दमन और विनाश करने में सदैव तत्पर रहने के बाद भी इनका स्वरूप दर्शक और उपासक के लिए अत्यंत सौम्यता एवं शांति से परिपूर्ण रहता है। मां चन्द्रघंटा के भक्त और उपासक जहां भी जाते हैं, लोग उन्हें देखकर शांति और सुख का अनुभव करते हैं। उपासकों को अपने मन, वचन, कर्म एवं काया को पूर्णतः पवित्र करके मां की उपासना करनी चाहिए।

### महिला पर अभद्र गालियां देने व ईंट मारने पर केस दर्ज

**कोसली।** छव्वा गांव के एक व्यक्ति ने कोसली गांव की एक महिला पर अभद्र गालियां देने, रास्ते में रोककर चोट मारने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। छव्वा गांव निवासी कृष्ण ने पुलिस को बताया कि शनिवार प्रातः वह गांव के प्रदीप के साथ वाटर सप्लाई के पास खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहा था कि पूनम अपने पति को शराब पिलाने का आरोप लगाते हुए उन्हें अभद्र गालियां देने लगी तथा उनके साथ झगड़ा करने लगी। जब वे अपने गांव की तरफ जाने लगे तो पूनम ईंट उठाकर उनके सामने खड़ी हो गई और रास्ता रोक लिया। जब वे साइड से निकलने लगे तो पूनम ने ईंट उनके पैर पर दे मारी, जिससे उसे गंभीर चोट आई। प्रदीप ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया तथा सहारा देकर घर पहुंचाया। परिजन उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल कोसली लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने उसे रेवाड़ी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म



ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीजल के साथ हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगी। विन डिज़्ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।

### हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर


**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

### टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।*** *भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या



***मुंबई।*** *शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है।'*

### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## राव इन्द्रजीत सिंह ने निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश

# शहर के ऐतिहासिक गेटों की बदलेगी दशा सुधार-सौंदर्य को लेकर रुपरेखा होगी तैयार

■ स्वच्छता के साथ सुखद वातावरण बनाने में हर आमजन सहयोगी बनें

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

सोलाराही व बड़ा तालाब के नवीनीकरण के पश्चात अब शहर के चारों ऐतिहासिक गेटों का भी सुधारीकरण व सौन्दर्यकरण किया जाएगा। केंद्रीय सांख्यिकी, कार्यक्रम कार्यान्वयन एवं योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रशासन शहरी क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोकर रखते हुए उनके सुधारीकरण पर फोकस करें और ऐतिहासिक गेटों के सुधारीकरण व सौंदर्यकरण को लेकर रूपरेखा तैयार की जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री लघु सचिवालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा करने उपरांत शहरी विकास से जुड़े पहलुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार व विधायक कोसली अनिल यादव भी मौजूद थे। डीसी अभिषेक मीणा ने राव इंद्रजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।



रेवाड़ी। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### सुधारीकरण करने की रूपरेखा तैयार

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि स्वच्छता के साथ सुखद वातावरण बनाने में हर आमजन सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में स्वच्छ वातावरण रहे, इसके लिए सभी को एकजुट होकर सफाई कार्य करते हुए सुखद माहौल बनाना है। उन्होंने शहरी निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के चारों ऐतिहासिक गेट भाड़ावास गेट, गोकल गेट, कानोड़ गेट व दिल्ली गेट का सुधारीकरण करने की रूपरेखा तैयार करते हुए धरोहरों का सौंदर्यकरण किया जाए। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनसेवा को समर्पित होकर विकास कार्य करा रही है। ऐसे में विभागीय अधिकारी अपने लक्ष्य निर्धारित करते हुए विकासात्मक स्वरूप के साथ जनसेवा में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल व समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाए और जिले में लंबित विकास कार्यों और योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें।

### इन योजनाओं की विभागीय स्तर पर समीक्षा

केंद्रीय राज्य मंत्री ने बैठक में पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास एवं संवर्धन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा, मिड-डे मील, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अनेक योजनाओं की समीक्षा की और प्रगति रिपोर्ट लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि अनिल रायपुर, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, नगर पालिका चेयरमैन कंवल सिंह व नगर पालिका बावल चेयरमैन वीरेंद्र महलावत सहित एचएसवीपी प्रशासक वैशाली सिंह, एडीसी एवं सीईओ जिला परिषद राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, डीएमसी ब्रह्म प्रकाश व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 सितंबर को आयोजित होगी

■ स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क : इंजी. राव

हरिभूमि न्यूज ⏩ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे।

परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं।




महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय। फोटो : हरिभूमि

### 120 विद्यार्थियों का चयन

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं। सीईओ मनीष राव ने बताया कि आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कला, कल्चरल, विभिन्न जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के विश्वास के कारण आज महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है। सीईओ मनीष राव द्वारा अभिभावकों के समक्ष घोषणा की कि इस स्कॉलरशिप के आधार पर बीते वर्ष की तरह ही कक्षा 11वीं के 120 बच्चों को सुपर 30 के माध्यम से हॉस्टल सहित विद्यालय स्तर की पूर्ण शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी। इसलिए अभिभावक अपने बच्चों आरपीएस विद्यालयों में स्कॉलरशिप परीक्षा दिलवाकर स्कॉलरशिप का लाभ उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### रामगढ-भगवानपुर में धरने को सौ दिन पूरे

**रेवाड़ी।** सरकारी अस्पताल बनाने की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना मंगलवार को 100वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। धरने पर रोजाना रामगढ़ भगवानपुर के अलावा तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, सुनारिया, फदनी, मीरपुर, मांढैया कला, गोकलपुर, डाबड़ी, डोहकी, मुंढलिया, ढाकिया, फदनी, बालियर खुर्द, मांढैया कला, जाटी व गंगायचा गांवों के ग्रामीण शामिल हो रहे है।

### राम अवतार जेजेपी एससी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बने

**रेवाड़ी।** जननायक जनता पार्टी ने कोसली निवासी एडवोकेट राम अवतार चौधरी को एससी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनको ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। एडवोकेट चौधरी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने पार्टी के संरक्षक चौ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री चौ. दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ सुरेंद्र भागीराम, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, प्रदेश प्रभारी एससी प्रकोष्ठ रमेश खटक और जिला अध्यक्ष चौ. विजय पंच का आभार जताया है।

### सैनी सभा पदाधिकारियों का शपथ समारोह आज

**महेंद्रगढ़।** मोहल्ला सैनीपुरा स्थित सैनीपुरा ग्राउंड में बुधवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदरलाल मुदगल करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी व विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी रहेंगे।

### कंबाइन मशीन को ट्रक ने मारी टक्कर

**कनीना।** नेशनल हाईवे 152 डी पर बागोत के समीप हुए सड़क हादसे में कंबाइन मशीन चालक सहित चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चरखी दादरी के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पंजाब के जिला पटियाला के जलबेडा निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि वह अपनी कंबाइन मशीन लेकर पंजाब से मध्यप्रदेश जा रहा था। शुक्रवार की रात को करीब सवा दो बजे जब वह एनएच 152 डी पर गांव बागोत के समीप पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उनकी मशीन को टक्कर मार दी।

# दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के बीच कई ट्रेनों का मार्ग बदला

■ ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद रेलखंड के मध्य पुल संख्या-241बी पर तकनीकी कार्य के कारण 22 नवंबर व 23 नवंबर को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण रेलसेवाएं रद, मार्ग परिवर्तित व रीशेड्यूल रहेंगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 54085 दिल्ली-सातरोड रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 54086 सातरोड-दिल्ली रेलसेवा 23 नवंबर को रद रहेगी।




रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन।

### रीशड्यूल व रेगुलेट रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14662,जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा 22 नवंबर को जम्मूतवी से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 23 नवंबर को बरेली से प्रस्थान करके साहिबाबाद स्टेशन पर 10 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### इन ट्रनों के मार्ग में परिवर्तित

गाड़ी संख्या 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 22 नवंबर को दौराई से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा दिल्ली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 19031 साबरमती-योगनगरी ऋषिकेष एक्सप्रेस रेलसेवा 22 नवंबर को साबरमती से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली कैंट-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15910 लालगढ-डिब्रुगढ एक्सप्रेस रेलसेवा 22 नवंबर को लालगढ से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग शकूरबस्ती-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12324 बाड़मेर-हावडा एक्सप्रेस रेलसेवा 22 नवंबर को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली कैंट-दिल्ली सराय-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस 22 नवंबर को काठगोदाम से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14117 प्रयागराज-भिवानी एक्सप्रेस रेलसेवा 22 नवंबर को प्रयागराज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस 22 नवंबर को वाराणसी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15624 कामाख्या-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 22 नवंबर को कामाख्या से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय होकर संचालित होगी।

## उदयपुर सिटी-चंडीगढ सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन 27 से

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

■ रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए पहल

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए उदयपुर सिटी-चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सी पी आ र ओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 20989 उदयपुर सिटी-चंडीगढ द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा 27 सितंबर से उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को शाम 4:05 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात्रि 11 बजे आगमन व 11:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 9:50 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20990 चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा 28 सितंबर से चंडीगढ़ से प्रत्येक वीरवार व रविवार को सुबह 11:20 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात्रि 9:15 बजे आगमन व 9:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 5:25 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, कपासन, चंदेरिया, भीलवाडा, बिजयनगर, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, अलवर, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना, कैथल, कुरूक्षेत्र व अंबाला कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# जीएसटी देश की आर्थिक व्यवस्था को सरल और सशक्त बनाने वाला कदम

■ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने जीएसटी पर पत्रकारों के सवालों के दिए जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि जीएसटी यानि वस्तु एवं सेवा कर देश की आर्थिक व्यवस्था को सरल और सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम है, जिससे व्यापार में पारदर्शिता आई है और टैक्स सिस्टम को सुगम बनाया गया है। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष वंदना पोपली की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए जीएसटी को लागू किया, जिसका लाभ आज आम जनता और व्यापारियों तक पहुंच रहा है। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां हमेशा देश और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रही हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जीएसटी और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला महामंत्री कुलदीप चौहान, कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, मीडिया प्रभारी जतिन अरनेजा, जिला सचिव दिनेश टींट, नेहा शर्मा, अमित यादव, सिंहराम महालवत व सत्यपाल धूपिया मौजूद थे।



रेवाड़ी। भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए विधायक व जिलाध्यक्ष।

### 27 से होगा जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस नई रेलसेवा का संचालन

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस नई रेलसेवा का मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस नई रेलसेवा सप्ताह में 6 दिन 27 सितंबर जोधपुर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, वीरवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार को सुबह 5:25 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर सुबह 9:25 बजे आगमन व 9:30 बजे प्रस्थान करके दोपहर 1:30 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सप्ताह में 6 दिन 27 सितंबर से दिल्ली कैंट से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, वीरवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार को दोपहर बाद 3:10 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर शाम 7 बजे आगमन व 7:05 बजे प्रस्थान करेगी।

# कांग्रेसियों ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत किया प्रदर्शन

■ 10 अक्टूबर तक जिले में कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुभाष छावड़ी के नेतृत्व में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सुभाष छावड़ी ने कहा कि 15 नवंबर को जिले के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तायों के सहयोग से पैदल मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 10 अक्टूबर तक जिले में कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन होगा। उन्होंने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष कुंवर दीवान सिंह चौहान भी मौजूद थे। इस मौके पर बैठक भी आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक चिरंजीव राव ने की। इसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के तहत कोनसीवास रोड कांग्रेस कार्यालय से पोसवाल चौक तक विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर डा. एम एल रंगा, वेदप्रकाश विद्रोही, मनु यादव, मनोज यादव, भरत सिंह हरचंदपुर, पवन भाड़ावास, रामजस सरपंच कसौली, भोपाल सरपंच पीथनवास, जोगेंद्र सरपंच बसई, ईश्वर महलावत, महेंद्र छाबड़ा, दिनेश ठेकेदार, रामपत सरपंच गुरावडा, गजराज आदि मौजूद रहे।




रेवाड़ी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

## डीसी मीणा ने जिले के सभी उपभोक्ता व दुकानदार से कहा

# नई दरों के अनुसार ही सामान की खरीद व बिक्री करें

**दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं और सेवाओं को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त कर दिया गया**

*नई दरों की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से नई जीएसटी दरों को लागू कर दिया गया है, इसलिए जिले के सभी उपभोक्ता व दुकानदार नई दरों के अनुसार ही सामान की खरीद व बिक्री सुनिश्चित करें। डीसी मीणा ने कहा कि जीएसटी परिषद की ओर से पारित इन बदलावों का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल बनाना, उपभोक्ताओं को राहत देना व व्यापारियों के लिए अनुपालन को आसान बनाना है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत जीएसटी स्लैब्स को सरल करते हुए अब मुख्य रूप से कुछ सामान को जीरो प्रतिशत श्रेणी में भी लाया गया है, यानी वे पूरी तरह से कर मुक्त होंगी। इसके अलावा मुख्यत दो जीएसटी स्लैब्स 5 प्रतिशत व 18 प्रतिशत बनाए गए हैं, जबकि कुछ लक्जरी और सिन उत्पादों पर 40 प्रतिशत दरों में भी शामिल किया गया है तथा पहले लागू 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत स्लैब को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। अतः उपभोक्ताओं को इस बारे में जागरूक होना चाहिए और नई दरों की जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।



डीसी अभिषेक मीणा।

### इन वस्तुओं के दाम घटे

डीसी ने बताया कि दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं और सेवाओं को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इनमें दूध, रोटी-पराठा जैसे भारतीय ब्रेड्स, व्यक्तिगत जीवन व स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, प्राथमिक स्टेशनरी, नोट्स बुक, मैप, चार्ट, ऑक्सीजन व जीवन रक्षक दवाएं शामिल हैं। इन वस्तुओं पर अब उपभोक्ताओं को कोई कर नहीं देना होगा। इसके अलावा, साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, सामान्य कपड़े और छोटे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, ट्रैक्टर व ट्रैक्टर टायर व पार्ट्स को 5 प्रतिशत जीएसटी श्रेणी में रखा गया है। इसी प्रकार एयर कंडीशर, टेलीविजन, एलईडी, मानीटर, प्रोजेक्टर्स, वांशिग मशीन, थ्री व्हीलर, मोटर साइकिल, पेट्रोल, सीएनजी से संचालित 1200 सीसी की कार व डीजल से संचालित 1500 सीसी की कार आदि उपकरण 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब्स में लाए गए हैं। डीसी ने बताया कि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर तक सप्लाई हो चुकी वस्तुओं पर पुरानी दरें ही लागू होंगी, जबकि 22 सितंबर से जारी इनवॉइस या भुगतान पर नई दरें लागू मानी जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई जीएसटी दरों से महंगाई पर अंकुश लगेगा, त्योहारों के सीजन में आम जनता को राहत मिलेगी और कर प्रणाली और अधिक पारदर्शी बनेगी।

### शिविर में 110 लोगों ने कराई नेत्र जांच




रेवाड़ी। कैंप में मौजूद मुख्यातिथि, डॉक्टर्स टीम व आयोजक।

**रेवाड़ी।** गांव धारण की ढाणी में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 110 लोगों की जांच करके दवाइयां प्रदान की गई। साथ ही 47 लोगों को निःशुल्क चश्मे तथा 12 लोगों को मोतियाबिंद के फ्री ऑपरेशन के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। मां भारती फाउंडेशन के संस्थापक स्व.प्यारे लाल डागर की स्मृति में रीति आई हॉस्पिटल के तत्वाधान में आयोजित कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने किया। फाउंडेशन प्रधान के साथ सरपंच राजेश कुमार ने ग्रामीणों के साथ सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक सिंहराम महलवात, प्रवीन शर्मा, अमित यादव व यतेंद्र राव का स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मान किया। इस मौके पर युवा जिला महामंत्री अरुण तंवर धारण, सौरभ डागर, कल्याण सिंह, श्रीनिवास यादव, मामराज, रविन्द्र व उमराव डागर सहित अनेक ग्राम वासी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह की प्रक्रिया शुरू

**रेवाड़ी।** प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर 36 बिरादरी के लिए आयोजित होने वाले सर्वजातीय सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विवाह समारोह में किसी भी जाति और समुदाय के लोग 15 नवंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में होने वाले समारोह को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल गंडाला वाले की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंजीकरण प्रक्रिया पर चर्चा की गई। ट्रस्ट की ओर से मकर संक्रांति 14 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह का 23वां आयोजन होने जा रहा है।

### नवरात्र पर मीट की बिक्री न करने का किया अनुरोध

**कोसली।** गोरक्षा दल की नाहड़ इकाई ने नवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र के सभी मीट विक्रेताओं व होटल संचालकों से मीट की बिक्री न करने की अपील की है। गोरक्षा दल के नाहड़ इकाई अध्यक्ष संजय धनखड़ ने कहा कि नवरात्रि पर्व सनातनी लोगों की भावनाओं और आस्था का प्रतीक है तथा हिंदू धर्म में सबसे पवित्र पर्वों में से एक माना जाता है। इस दौरान लोग माता के नौ रूपों की पूजा करते हैं तथा उनसे सभी जीवों के लिए शांति, प्रेम, सद्भावना व खुशहाली की कामना करते हैं। सनातनी लोग देवियों को जगत जननी मानते हैं। हर जीव में उनका अंश है।

### मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, आरती सिंह राव ने किया वीर शहीदों को नमन

# राष्ट्र प्रेम से सराबोर होकर देश पर कुर्बान होने वाले शूरवीर देश की अमूल्य धरोहर

महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पचक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में अमर शहीदों के स्मारक स्थलों पर महान विभूतियों को नमन किया गया। शहर के शहीद राव तुलाराम चौक व राव तुलाराम पार्क स्थित शहीद स्मारक पार्क में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पचक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं गांव रामपुरा में भी अमर शहीदों की शहादत को सलाम किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि अमर शहीद राव तुलाराम सरीखे महानायक सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के महानायक वीर सपूत एवं महान स्वतन्त्रता सेनानी सहित राष्ट्र प्रेम से सराबोर होकर देश पर कुर्बान होने वाले भारतीय शूरवीर देश की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी से लेकर आज तक भारत के लिए जीने वाले हमारे वीर जवान भारत की आन-बान-शान हैं। राष्ट्र रक्षा में अपने आप को दिन रात न्यौछावर करने के लिए सजग रहने वाले वीर योद्धाओं के बलिदान से देश सदैव प्रेरणा लेता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के वीर सपूतों व शहीदों के गौरवमयी इतिहास को याद करते हुए युवा शक्ति में देशभक्ति का संचार करने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि देश की आजादी से पूर्व अंग्रेजों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आजादी दिलाने में व आजादी के बाद देश की सीमाओं पर सजग प्रहरी के तौर पर हमारे रणबांकुरें अपने प्राणों की परवाह न करते हुए राष्ट्र प्रेम का संदेश देते हुए युवाशक्ति के लिए प्रेरणादायक बने हैं।



**रेवाड़ी।** राव तुलाराम पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते राव इन्द्रजीत सिंह व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



**रेवाड़ी।** शहीदी दिवस पर अमर शहीद राव तुलाराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्री व विधायक। *फोटो : हरिभूमि*

### राव तुलाराम जैसे महानायक राष्ट्र का गौरवः आरती राव

स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने अमर शहीद राव तुलाराम को क्षेत्र ही नहीं पूरे देश का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी महान विभूतियों के दिखाए मार्ग पर चलकर केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर विकास व जनसेवा को समर्पित हो आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि देश को आजादी दिलाने में जिस प्रकार हमारे वीर स्वतन्त्रता सेनानियों ने अपना योगदान दिया, ठीक उसी प्रकार आजादी को कायम रखने में भी देश के वीर रणबांकुरों का अतुलनीय योगदान रहा है। देश की सेनाओं में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है और रेवाड़ी जिले के सैनिकों की भागीदारी सर्वाधिक है। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, कोसली विधायक अनिल यादव, पटौदी विधायक बिमला चौधरी व भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली ने वीर शहीदों के गौरवमयी इतिहास को याद करते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्रहित में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मानेसर की मेयर इंद्रजीत कौर यादव, जिला परिषद अध्यक्ष मनोज यादव, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, समाजसेवी अनिल रायपुर, प्रो. हंसराज यादव, नीतू चौधरी व रामपुरा के सरपंच नरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अमर शहीद राव तुलाराम सहित सभी वीर शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

# नागरिकों ने ली नशे से दूरी बनाने की शपथ



**रेवाड़ी।** यादव नगर में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती एनसीबी टीम।

- शहीदी दिवस पर हरियाणा पुलिस ने चलाया नशा हटाओ भविष्य बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

एचएसएनसीबी ने शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए नागरिकों को समाज से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने का संकल्प दिलाया। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानि एचएसएनसीबी ने नशा हटाओ-भविष्य बचाओ अभियान के तहत शहर के यादव नगर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित समाज के सभी वर्गों को नशे के विनाशकारी प्रभावों के प्रति जागरूककिया गया और इस सामाजिक अभिशाप को खत्म करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम हरियाणा पुलिस के उन बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया था, जिन्होंने कर्तव्य की राह पर अपनी जान कुर्बान कर दी। पुलिस का मानना है कि इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है, जब हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें जो अपराध और बुराइयों से मुक्त हो।

### नशा एक सामाजिक अभिशाप

इस मौके पर नीरज ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है, जो परिवारों को तोड़ता है और समाज की नींव को कमजोर करता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें नशे को उसी तरह अपने समाज से बाहर फेंकना चाहिए, जैसे हम अपने घरों से गंदगी बाहर फेंकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार का नमक-लोटा अभियान और साइकलोथॉन जैसी पहल समाज के सभी वर्गों को इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षण संस्थान और आम जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशा बिकता दिखाई दे या नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी जानकारी मिले, तो निःसंकोच भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन या हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 व यूनिट इंचार्ज के मोबाइल नंबर 9813136557 पर तुरंत सूचना दें।

# कबड्डी में लड़कों में करनाल और लड़कियों में पानीपत बना विजेता

- प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल

गांव खंडोडा में दो दिवसीय महिला व पुरुष सब जूनियर स्टेट कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह थे। इस मौके पर बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार भी मौजूद थे। लड़कों की स्टेट कबड्डी प्रतियोगिता में करनाल प्रथम व द्वितीय स्थान पर भिवानी की टीम रही, जबकि लड़कियों के वर्ग में प्रथम विजेता पानीपत व द्वितीय स्थान पर जींद रही। केंद्रीय मंत्री ने विजेता टीमों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में 44 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के समक्ष समस्याएं भी रखी। इस अवसर पर समाजसेवी अनिल रायपुर, मंडल अध्यक्ष रमेश झाबुआ, मंडल महामंत्री निहाल सिंह चौकन, जिला महामंत्री कुलदीप चौहान, पूर्व सरपंच झाबुआ भीम सिंह, ईश्वर सिंह, अर्जुन चौकन, घनश्याम बागड़ी, छत्रपाल सिंह व मुकेश गांव सहित लोग मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर मौजूद राव इन्द्रजीत सिंह व अन्य।



**रेवाड़ी।** व्हीलचेयर प्रदान करते हुए सीएमओ व क्लब के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### रोटरी रसोई परिसर में रोटरी सेवा केंद्र का उद्घाटन

**रेवाड़ी।** मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की ओर से रोटरी रसोई परिसर में रोटरी सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया ने सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र से जरूरतमंद व्यक्तियों को बिना किसी शुल्क के मांग पर व्हीलचेयर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, वॉकर और छड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना अध्यक्ष वेद प्रकाश काथुरिया ने कहा कि यह सुविधा समाज के वंचित वर्ग के लिए मील का पत्थर साबित होगी। क्लब की अध्यक्ष नेहा शर्मा ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया और लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर रोटरी रसोई अध्यक्ष डीएन नवीन अदलखा, राहुल जैन, संजय कुमार, सुभाष मंगला, दिलीप सैनी, डा. दीपिका सचदेवा व बीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। डा. नरेंद्र दहिया ने जरूरतमंद व्यक्तियों को दो व्हीलचेयर और एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी प्रदान किया।

# गांवों को नशा मुक्त करने को लेकर ग्रामीणों से किया विचार-विमर्श

- नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला पुलिस सेवा पखवाड़ा के तहत अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान, कानून व्यवस्था, अपराध व अपराधियों से दूरी, साइबर क्राइम से बचाव, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों व नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक कर रही है। मंगलवार को पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव घुड़कवास, मुंढलिया व डाबड़ी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है।



**रेवाड़ी।** ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।

### श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला का शुभारंभ, श्रवण कुमार नाटक का हुआ मंचन

**रेवाड़ी।** श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर मोती चौक के प्रांगण में सोमवार रात्रि श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला की ओर से भगवान गणेश पूजन करके पूर्ण विधी विधान से रामलीला का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर रामलीला के प्रधान अनुकूल शर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्यों सहित सभी कलाकार मौजूद थे। इसके बाद मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार के नाटक का मंचन किया गया। नाटक का शुभारंभ एलआईसी के पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने किया। रामलीला के उप प्रधान श्याम सुंदर गुप्ता, महेश शर्मा व रमेश वशिष्ठ ने अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने दर्शकों को माता पिता की हमेशा सेवा करने व कहना मानने के लिए प्रेरित किया और श्रवण कुमार के जीवन प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# समाज में व्यापक बदलाव की जरूरतः सुनीता

- पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं को डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा, साइबर अपराध व अपराधों की जानकारी देकर आत्मरक्षा के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व जागरूकता के लिए मंगलवार को दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता ने टीम सहित निजी इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाली विद्यार्थियों व स्टाफ को डायल-112, ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा, साइबर अपराध, सेल्फ डिफेंस व अनेक अपराधों सहित की जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को साकार रूप देने के लिए समाज में व्यापक बदलाव की जरूरत है। आज के समय बेटियां किसी भी तरह से पीछे नहीं है। समाज को अपनी सोच बदलनी होगी। बेटियों को भी बेटों की तरह मानकर उनको आगे बढ़ने का अवसर दें। बेटियां परिवार का नाम रोशन कर रही है। समाज को यह भेदभाव पूरी तरह से समाप्त करना होगा।



**रेवाड़ी।** छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाती पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

### पुलिस टीम ने छात्राओं को जागरूक किया

पुलिस टीम ने छात्राओं एवं स्टाफ को महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, अपराधों से बचाव व अपराध होने उपरांत उनके उपाय की जानकारी दी। अपराधों के लिए कानून में दिए गए प्रावधानों व सजा से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस की डायल-112 व दुर्गा शक्ति एप को इंस्टॉल करके एप में अपनी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाईल नंबर व पता एक बार अपडेट करना है, उसके बाद जब भी किसी असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 एप से माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। यह एप पीड़ित और पुलिस दोनों के लिए सहयोगी के रूप में कार्य करती है और अपराधों को रोकने में प्रभावी रूप से कार्य करती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा यात्रा के दौरान महिला के पास कॉल करके महिला की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सचिन शर्मा ने पुलिस टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में एसबीएल खोल की टीम बनी विजेता

- पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में 6 टीमों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

अहीर महाविद्यालय में शहीद राव तुलाराम की स्मृति में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव राव राघवेंद्र व विशिष्ट अतिथि प्रो. एच आर यादव निदेशक अहीर कॉलेज ने टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कॉलेज प्राचार्य डा. उर्मिला शर्मा ने बताया कि 19 से 23 सितंबर तक महाविद्यालय में आयोजित 5 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में 6 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच में राव तुलाराम स्टेडियम खेल क्लब तथा एसबीएल खोल के बीच हुआ, जिसमें एसबीएल खोल ने राव तुलाराम स्टेडियम खेल क्लब को 3-0 हराकर जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि राव राघवेंद्र ने फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल व्यक्ति को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं। उन्होंने शहीद राव तुलाराम की शाहदत याद करते हुए श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए। इस अवसर पर इंटरनेशनल खिलाड़ी प्रवीण अरोड़ा भी उपस्थित थे।



**रेवाड़ी।** अहीर कॉलेज में खिलाड़ियों से परिचय करते हुए मुख्यातिथि। *फोटो :हरिभूमि*

### रेलवे कॉलोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से 65वें रामलीला हुआ आयोजन

# शीलनिधि की कन्या से विवाह न होने पर नारद ने विष्णु को दिया श्राप

क्लब के बाल कलाकार लक्ष्य कौशिक ने रामलीला उत्सव का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रेलवे कॉलोनी में श्री राम मंदिर रेलवे ड्रामेटिक क्लब की ओर से 65वें रामलीला उत्सव का सोमवार रात्रि शुभारंभ हो गया। रामलीला का शुभारंभ पंडित मोहन लाल शर्मा के मंत्रोच्चारण व पूजन से हुआ, जबकि क्लब के बाल कलाकार लक्ष्य कौशिक ने रामलीला उत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर जितेन्द्र यादव एरिया अधिकारी उत्तर पश्चिम रेलवे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। रामलीला मंचन में इन्द्र को अपने सिंहासन के डोल जाने का भय होने पर कामदेव को देवर्षि नारद की समाधि भंग करने के लिए भेजा जाता है, लेकिन कामदेव सफल नहीं हो पाते है, जिस पर नारद मुनि को अभिमान हो जाता है और नारद मुनि ये समाचार भगवान शिव व भगवान विष्णु को सुनाते है। नारद मुनि के मन में शीलनिधि की कन्या से विवाह करने की इच्छा उत्पन्न होती है तो नारद मुनि भगवान विष्णु के पास हरि का रूप लेने आते है। भगवान विष्णु नारद जी का अभिमान तोड़ने के लिए उनको बंदर को रूप दे देते है, जिस कारण से नारद मुनि का विवाह शीलनिधि की कन्या से नहीं हो पाता है, इससे क्रोधित होकर नारद जी भगवान विष्णु को श्राप देते है कि जिस प्रकार वे पत्नी के वियोग में परेशान हुए हैं, उसी प्रकार तुम भी अपनी पत्नी के वियोग में जंगलों में घूमते रहोंगे और जिस वानर रूप को घृणा की दृष्टि से देखा है उनकी सहायता अपने राम अवतार में मांगोंगे। उधर रावण कैलाश पर्वत से गुजर रहा होता है, लेकिन उसका विमान रूक जाता है तो मारीच बताता है कि यह भगवान शिव का निवास स्थान है, यहां से गुजरना असंभव है।





**रेवाड़ी।** भगवान विष्णु को श्राप देते हुए नारद मुनि तथा भगवान विष्णु से संवाद करते नारद मुनि। *फोटो :हरिभूमि*

### रामलीला मंचन में ये मौजूद रहे

*रामलीला मंचन में नारद का किरदार महेश कौशिक, भगवान विष्णु-दिवेश शर्मा, लक्ष्मी नवीन, इंद्र व नंदीगण निखिल रोहिल्या, रावण-मुकेश भारद्वाज, शीलनिधि-रोशनलाल, मारीच-राजेश शर्मा, वेदवती-सागर, भगवान शिव-जगदीश शर्मा, मेघनाथ-ब्रिजेश शर्मा, ऋषि-केके सक्सेना, मेहरचन्द्र-राक्षस, तथा राजा की भूमिका रोहित, जितेश, भगत, नरेन्द्र गुप्ता, संजय सोनी व लक्ष्य शर्मा ने निभाई।*